**Welcome To Parliamentary Delegation From The Russian Federation**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय ससदस्यगण, मुझे आप सबको यह सूचित करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे सदन के विशिष्ट बॉक्स में रशियन फेडरेशन की फेडरल असेम्बली के स्टेट ड्युमा के चेयरमैन महामहिम व्याचेस्लाव विक्टोरोविच वोलोदिन जी के नेतृत्व में रूसी संघ का संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित हुआ है । मैं अपनी ओर से तथा सदन की ओर से, माननीय शिष्टमंडल का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ, स्वागत करता हूँ ।

माननीय श्री वोलोदिन और उनके उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा भारत-रूस संबंधों की गहराई का प्रतीक है । यह यात्रा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगी । भारत और रूस के बहुत गहरे और दीर्घकालीन संबंध रहे हैं । इस यात्रा से हमारी दीर्घकालिक रणनीति, साझेदारी व संसदीय संबंध और मजबूत होंगे । हम भारत में उनके सुखद, सफल एवं मंगलमय प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम रूस की संसद तथा वहाँ की मित्रवत जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं ।

---

**12.12 hrs**

**12.16 hrs**